

यूरेनियम कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड

(भारत सरकार का एक उपक्रम)

Uranium Corporation of India Limited

(A Government of India Enterprise)

47वां वार्षिक प्रतिवेदन

47th Annual Report

2013-14

ISO 9001:2008, 14001:2004 एवं IS 18001:2007 कम्पनी

An ISO 9001:2008, 14001:2004 & IS 18001:2007 Company

Awards & Recognitions

14th Annual
GREENTECH Environment Award 2013

GREENTECH FOUNDATION
NEW DELHI (INDIA)
www.greentech.org

Certificate

This is to certify that
URANIUM CORPORATION OF INDIA LTD.
TURAMDIH MINING PROJECT
has been declared Winner of
SILVER CATEGORY
in METAL & MINING SECTOR
for outstanding achievement
in Environment Management

KAMALESHWAR SHARAN
President

30 January 2014
Chandigarh (India)

2nd Annual
GREENTECH CSR Award 2012

GREENTECH FOUNDATION®
NEW DELHI (INDIA) • www.greentech.org

CERTIFICATE OF APPRECIATION

Presented to
Uranium Corporation of India Ltd.
Narwpahar
(Metal & Mining Sector)
in appreciation of their efforts in
Corporate Social Responsibility

30th October 2012
Hyderabad (India)

KAMALESHWAR SHARAN
President

HUDDLE OF HEAVYWEIGHTS

The first India Today Group PSU Aw
honour enterprises that have scrip
success against many odds

By Kaushik Deka

पुरस्कार एवं मान्यता
Awards & Recognitions

CERTIFICATE TÜV NORD

Management system as per
ISO 14001 : 2004

In accordance with TÜV NORD CERT procedures, it is hereby certified that

URANIUM CORPORATION OF INDIA LIMITED
NARWAPAHAR COLONY ESTATE
HEAD OFFICE : P.O. Jaduguda Mines,
Dist. East Singhbhumi, Jharkhand – 832 102,
India

applies a management system in line with the above standard for the following scope

Management, Operation and Maintenance of Colony Area – UCIL Narwapahar Mine

Certificate Registration No. 44 104 135161
Audit Report No. 2.5-6216/2013

Valid until 15.10.2016

Certification Body
at TÜV NORD CERT GmbH

Issue 16.10.2013
Place : Mumbai

This certification was conducted in accordance with the TÜV NORD CERT auditing and certification procedures and is subject to regular surveillance audits.

TÜV NORD CERT GmbH Langemarckstrasse 20 45141 Essen www.tuev-nord-cert.com

TGA-ZM-07-06-00

GOLDEN PEACOCK AWARDS

This is to certify that

Uranium Corporation of India Ltd
Singhbhum (E)

was adjudged the

WINNER

of

GOLDEN PEACOCK AWARD
FOR CORPORATE SOCIAL RESPONSIBILITY
2013

17th January, 2014
Bengaluru

Justice P. N. Bhagwati
Chairman, Golden Peacock Awards
& former Chief Justice of India

CERTIFICATE TÜV NORD

Management system as per
ISO 14001 : 2004

In accordance with TÜV NORD CERT procedures, it is hereby certified that

URANIUM CORPORATION OF INDIA LIMITED
JADUGUDA MINE & MILL
P.O.Jaduguda Mines, East Singhbhum,
Jharkhand – 832 102,
India
and other Mines & Mills as per Annexure

applies a management system in line with the above standard for the following scope

Mining of Uranium Ore, Production and Supply of Magnesium Di-Uranate and Magnetite including Offsite Operation of Effluent Treatment Plant & Tailing Pond at Jaduguda and Turamdih

Certificate Registration No. 04 104 030779-E3
Audit Report No. 2.5-2730/2000

Valid until 09.06.2015
Initial Certification 12.06.2003

Certification Body
at TÜV NORD CERT GmbH

Issue 05.07.2012
Place : Mumbai

This certification was conducted in accordance with the TÜV NORD CERT auditing and certification procedures and is subject to regular surveillance audits.

TÜV NORD CERT GmbH Langemarckstrasse 20 45141 Essen

TGA-ZM-07-06-00

CERTIFICATE TÜV NORD

Management system as per
ISO 9001 : 2008

In accordance with TÜV NORD CERT procedures, it is hereby certified that

URANIUM CORPORATION OF INDIA LTD.
JADUGUDA MINE & MILL
P. O. Jaduguda Mines, East Singhbhum.
Jharkhand - 832 102,
India
and other Locations as per Annexure

applies a management system in line with the above standard for the following scope

Mining of Uranium Ore, Production and Supply of Magnesium Di-Uranate and Magnetite

Certificate Registration No. 04 100 010779-E3
Audit Report No. 2.5-2730/2000

Valid until 29.01.2016
Initial certification 27.04.2001

Certification Body
at TÜV NORD CERT GmbH

Issue 08.02.2013
Place : Mumbai

This certification was conducted in accordance with the TÜV NORD CERT auditing and certification procedures and is subject to regular surveillance audits.

TÜV NORD CERT GmbH Langemarckstrasse 20 45141 Essen

अनुक्रमणिका

		पृष्ठ संख्या
1.	निदेशक मण्डल	3
2.	कार्यकारी अधिकारीगण	4
3.	अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक की कलम से	5
4.	निदेशकों का प्रतिवेदन	8
5.	निदेशकों के प्रतिवेदन का अनुलग्नक-I (ऊर्जा संरक्षण इत्यादि)	19
6.	निदेशकों के प्रतिवेदन का अनुलग्नक-II (निगमित अभिशासन)	22
7.	लेखा विश्लेषण	
	(i) प्रमुख विशिष्टताएँ	24
	(ii) कम्पनी की वित्तीय स्थिति	25
	(iii) कम्पनी की आय एवं व्यय का विवरण	26
8.	पाई एवं बार चार्ट	
	(i) आय का वर्गीकरण	27
	(ii) व्यय का वितरण	27
	(iii) आय में वृद्धि	28
	(iv) निवल मालियत (नेटवर्थ) में वृद्धि	28
	(v) नियोजित पूँजी	29
	(vi) सकल तथा शुद्ध परिसम्पत्ति	29
9.	लेखा परीक्षकों का प्रतिवेदन	30
10.	निगम के लेखों पर नियंत्रक एवं भारत के महालेखा परीक्षक की टिप्पणी	35
11.	31 मार्च, 2014 की स्थिति का तुलन-पत्र	36
12.	वित्तीय वर्ष 2013-2014 के लिए लाभ एवं हानि का लेखा	37
13.	लेखे की 1 से 26 तक की टिप्पणियाँ	38
14.	नकद प्रवाह विवरण	69
15.	पच्चीस वर्षीय स्थिति का सार संग्रह	70

निदेशक मण्डल

श्री डी. आचार्य
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

श्री एस. के. श्रीवास्तव
निदेशक (तकनीकी)

श्री बी. एल. साबू
निदेशक (वित्त) (12.05.2014 तक)

श्री आर. एस. शर्मा
(30.04.2014 तक)

श्रीमती चित्रा रामचंद्रन

श्री वी. आर. सदाशिवम
(31.12.2013 तक)

श्री एन. साईबाबा

श्री पी. एस. परिहार

प्रो. तारकेश्वर कुमार
(20.03.2014 तक)

डॉ. अमलेन्दु सिन्हा
(20.03.2014 तक)

श्री बी. सी. गुप्ता
कम्पनी सचिव

लेखा परीक्षक

मेसर्स तोडी तुलस्यान एण्ड क.
सनदी लेखाकार
602, लवकुश टावर
एक्जीबीशन रोड
पटना-800 001

कार्यकारी अधिकारीगण

अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक	:	**श्री डी. आचार्य**
निदेशक (तकनीकी)	:	**श्री एस. के. श्रीवास्तव**
कार्यकारी निदेशक (परियोजना-दक्षिण)	:	**श्री एन. एम. बहल**
महा प्रबन्धक (खान)	:	**श्री एस. सी. भौमिक**
महा प्रबन्धक (सुरक्षा,पर्यावरण एवं प्रशिक्षण)	:	**श्री जी. एस. घोष हाजरा**
महा प्रबन्धक (तकनीकी सेवा एवं योजना)	:	**श्री अजय घड़े**
महा प्रबन्धक (ओपेन पीट)	:	**श्री पी. एन. सरकार**
महा प्रबन्धक (विद्युत)	:	**श्री पी. के. धर**
महा प्रबंधक (कॉरपोरेट योजना)	:	**डॉ. ए. के. सारंगी**
महाप्रबंधक (यांत्रिकी)	:	**श्री एस. के. गुहानियोगी**
महाप्रबंधक (लेखा)	:	**श्री जी. के. चटर्जी**
कम्पनी सचिव	:	**श्री बी. सी. गुप्ता**

यूरेनियम कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड
(भारत सरकार का एक उपक्रम)
CIN : U 12000 JH 1967 GOI 000806
पंजीकृत कार्यालय : जादुगोड़ा माइन्स, जिला : सिंहभूम (पूर्व)
झारखण्ड - 832102
दूरभाष : 0657-2730122 / 222 / 353
फैक्स : 0657-2730322
ई-मेल : cs@ucil.gov.in
वेबसाइट www.ucil.gov.in

अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक की कलम से

प्रिय सदस्यगण,

कम्पनी की 47वीं वार्षिक सामान्य बैठक में आप सभी का हार्दिक स्वागत करते हुए मुझे अपार प्रसन्नता हो रही है। निदेशकों के प्रतिवेदन के साथ वर्ष 2013-14 के लिए कम्पनी का अंकेक्षित लेखा विवरण आपके समक्ष प्रस्तुत किया जाता है और आपकी अनुमति से मैं इसे पढ़ लिया गया मानता हूँ।

देवियों और सज्जनों, आपकी कम्पनी देश के नाभिकीय ऊर्जा कार्यक्रम में विशिष्ट स्थान ग्रहण कर चुकी है। वर्षानुवर्ष यूरेनियम उत्पादन को बढ़ाने की दिशा में पिछले कई वर्षों में इसके प्रयास ने कई बाधाओं को पार कर रिकार्ड ऊँचाइयों को प्राप्त किया है।

हमें यह बताते हुए खुशी हो रही है कि दो महीने से अधिक समय से बांदुहुरांग खान में वृहद बाधाओं के बावजूद आप की कम्पनी की सभी इकाईयों के कार्य वर्ष 2013-14 में सन्तोषजनक रहे। विरोध का प्रभाव, उपकरणों की क्षति के साथ काफी व्यापक था। क्षति का कुछ भाग दूसरे स्थानों, जैसे: नरवापहाड़, तुरामडीह एवं बागजाता माइन्स के उत्पादन को बढ़ा कर किया गया, जो कि अल्पावधि के लिए था। तथापि झारखण्ड में द्वितीय माईनिंग लीज नवीनीकरण लंबित होने की वाह से जादुगोड़ा का उत्पादन एवं परिवहन रोक

दिया गया है जो कि अयस्क के उत्पादन में बहुत बड़ी बाधा है।

मुझे यह सूचित करते हुए प्रसन्नता हो रही है कि तुम्मलापल्ली प्रवर्तन में लाने का कार्य प्रगति पर है जो कि 2015 में निर्धारित है। खान 2350 टन प्रति दिन उत्पादन प्राप्त कर चुका है। हैंग वाल लोड का उत्खनन, जो कि बैड रूफ कन्डीशन को ध्यान में रखते हुए एक चुनौती है जिसे नेशनल इंस्टीच्युट ऑफ रॉक मैकेनिक, कोलार की सहायता से नई तकनीक के द्वारा सुलझाने का प्रयास किया जा रहा है। पायलट प्लांट अध्ययन के बाद प्लांट में रिकवरी तथा अवक्षेपण में सुधार की दिशा में कुछ नए उपकरणों को व्यवहार में लाया गया है। प्लांट के कार्य-निष्पादन में निरंतर सुधार हो रहा है ।

जादुगोड़ा में चौथे चरण का टेलिंग पाँड, तुरामडीह में मैग्नेटाइट रिकवरी प्लांट, तुरामडीह में यूरेनियम पैरॉक्साइड सुविधा और तुरामडीह में द्वितीय चरण का टेलिंग पाँड का कार्य प्रगति पर है। आप की कंपनी ने हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड के राखा एवं सुरदा माइन्स में दो यूरेनियम रिकवरी प्लांट लगाने का विचार किया है।

राजस्थान में रोहिल जमा यूरेनियम के लिए एक्सप्लोरेटरी माइनिंग, पायलट प्लांट का अध्ययन विचाराधीन है। यह उम्मीद की जाती है कि पानी का स्रोत का पता नियमित खनन एवं संचालन के पहले लगा लिया जाएगा।

आपकी कम्पनी ने मौजूदा सुविधाओं से सुचारू एवं निरंतर उत्पादन बनाये रखने के लिए " सिंहभूम तथा तुम्मलापल्ली में संचालन के डिबोट्लनेकिंग " के अन्तर्गत सिंहभूम में भाटिन माइन्स तथा सिंहभूम एवं तुम्मलापल्ली में सात और परियोजनाओं के आधुनिकीकरण का कार्य लिया है।

वर्ष 2013-14 के दौरान आपकी कंपनी का औद्योगिक सम्बन्ध शांति एवं मधुरता के साथ मजदूर यूनियन और अधिकारी एसोसियेशन के बीच संतोषप्रद रहा है।

आपकी कंपनी गुणवत्ता आश्वासन के लिए आई एस ओ 9001:2008, पर्यावरणीय प्रबंधन प्रणाली के लिए आई एस ओ 14001:2004 प्रमाणन तथा ऑक्यूपेशनल हेल्थ एण्ड सेफ्टी मैनेजमेंट सिस्टम के लिए आई एस-18001:2007 प्रमाणन को लगातार बनाये रखी है। मुझे यह सूचित करते हुए प्रसन्नता हो रही है कि आपकी कंपनी के नरवापहाड़ टाउनशिप को आई एस ओ 14001:2004 का प्रमाण पत्र टी यू व्ही/नॉर्ड के द्वारा प्राप्त हुआ है, जो देश क किसी खनन उद्योग के टाउनशिप के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है।

आपकी कंपनी उच्चतम स्तर के कॉरपोरेट गवर्नेंस को कायम रखने के लिए बचनबद्ध है। कंपनी के परिचालन में व्हिसिल ब्लोअर, जालसाजी निरोध के साथ साथ सामाजिक दायित्व की नीतियाँ हैं। यूसिल ने वरिष्ठ प्रबंधकीय कर्मचारियों के लिए आचार संहिता तथा आपूर्तिकर्त्ताओं के लिए इंटिग्रिटी पैक्ट बनाया है। कंपनी ने परमाणु ऊर्जा विभाग के साथ समझौता ज्ञापन हस्ताक्षर किया है और यह उम्मीद की जाती है कि वर्ष 2013-14 के लिए भी बहुत अच्छा रेटिंग होगा।

आपकी कम्पनी नियमित रूप से ऑल इंडिया माइन्स रेस्क्यू कंपीटिशन में भाग लेती है। मुझे यह सूचित करते हुए खुशी हो रही है कि आपकी कंपनी ने मेटलीफेरस संवर्ग में ऑल इंडिया माइन्स रेस्क्यू कंपीटिशन द्वारा 2013 में आयोजित प्रतियोगिता में ओर ऑल चैंपियन के साथ अन्य विशिष्ट क्षेत्रों में सफलता हासिल की है।

आपकी कंपनी ने इंटरनेशनल एटॉमिक एनर्जी एजेंसी, न्यूक्लियर एनर्जी एजेंसी, वर्ल्ड न्यूक्लियर एसोसियेशन, यूनाइटेड नेशन्स इकोनॉमिक कमीशन यूरोप आदि के साथ काफी अच्छे गठबंधन कायम रखा है। शिक्षण एवं शोध संस्थान जैसे, आई आई टी खड़गपुर, आई एस एम धनबाद, एक्स एल आर आई जमशेदपुर, सी आई एम एफ आर धनबाद, एन एम एल जमशेदपुर इत्यादि तकनीकी उत्कर्ष के लिए महत्वपूर्ण सहायता उपलब्ध करा रहे हैं ।

2013-14 का तुलन पत्र, जो कि वस्तुगत निष्पादन के मामले में संतोष का विषय रहा। वित्तीय निष्पादन के लिए तीन वर्षों की अवधि से लंबित उत्पाद की मूल्यवृद्धि की तरफ ध्यान देने की जरुरत है। 2011-12 से लंबित उत्पाद मूल्य के निर्णय की वजह से घरेलू स्रोत की कठिनाई के कारण बढ़ते उत्पादन लागत आपकी कंपनी के विकास के लिए गंभीर चुनौती है ।

मुझे इस बात को दर्ज कराने का गर्व है कि कंपनी तकनीकी एवं अन्य क्षेत्रों में कई मान्यताएं हासिल की है। इससे कंपनी की छवि में राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर वृद्धि हुई है।

मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि आपकी कंपनी ने आस पास के समुदायों में निर्धारित सी एस आर क्रियाकलापों के साथ एकजुटता को बनाया है। 2014 के स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर स्थानीय मिडिया हाउस प्रभात खबर ने यूसिल को झारखंड में उसके उत्कृष्ठ योगदान के लिए सम्मानित किया है ।

मैं अपनी कंपनी के सभी कर्मचारियों को उनके प्रसास एवं प्रतिबद्धता के लिए प्रशंसा करना चाहूँगा। मैं परमाणु ऊर्जा विभाग एवं उसके विभिन्न इकाईयों, विशेष कर बार्क, ए एम डी, एन एफ सी तथा एन पी सी आई एल को उनके मदद, दिशा-निर्देशन एवं सहयोग के लिए आभारी हूँ। तकनीकी मदद के लिए विभिन्न शैक्षणिक तथा शोध संस्थाओं विशेषकर आई आई टी खड़गपुर, आई एस एम धनबाद, सी आई एम एफ आर धनबाद तथा एन आई आर एम कोलार का आभारी हूँ। कंपनी बोर्ड के साथी विशेषकर, सेवानिवृत्त सदस्यों को सेवा के दौरान एवं उसके पश्चात बहुमूल्य सुझाव एवं प्रयास के लिए धन्यवाद देता हूँ।

अब मैं कंपनी के 31 मार्च, 2014 का तुलन पत्र एवं 31 मार्च, 2014 को समाप्त वर्ष का लाभ हानि लेखा आपके विचारार्थ, अनुमोदनार्थ एवं अंगीकरण के लिए प्रस्तुत करता हूँ ।

धन्यवाद,

डी.आचार्य
अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक

कोलकाता
18 सितम्बर, 2014

निदेशकों का प्रतिवेदन

सेवा में,

सदस्यगण

देवियों एवं सज्जनों,

आपके निदेशकगण को कम्पनी का 31 मार्च, 2014 में समाप्त हुए वर्ष का 47वां वार्षिक विवरण परीक्षित लेखाओं तथा सांविधिक लेखा परीक्षकों एवं भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक के प्रतिवेदन के साथ प्रस्तुत करते हुए अपार प्रसन्नता हो रही है ।

1.0 परिचालन विशिष्टताएँ

1.1 वित्तीय निष्पादन

लाख रुपयों में

	चालू वर्ष 2013-2014	विगत वर्ष 2012-2013
आय	**81,429.78**	85,512.28
मूल्य ह्रास एवं पूर्व अवधि का समायोजन के पूर्व लाभ	**9,538.81**	22,195.15
घटाया : (क) मूल्यह्रास	**7,793.44**	7,795.47
जोड़ा : (ख) पूर्व अवधि का समायोजन	**(-112.60)**	17.30
कर पूर्व का लाभ	**1,632.77**	14,416.98
घटाया : (क) कर का प्रावधान	**1,041.98**	4,930.05
(ख) पूर्व के वर्षों के लिए	**123.97**	65.68
(ग) आस्थगित कर का प्रावधान	**(602.63)**	342.51
कर पश्चात् लाभ	**1,069.45**	9,078.74
जोड़ा: विगत वर्ष से लाया गया	**24,803.18**	19,662.90
विनियोग के लिए उपलब्ध राशि	**25,872.63**	28,741.64
विनियोग		
साधारण रिजर्व	**214.00**	1,815.00
प्रस्तावित लाभांश	**214.00**	1,815.00
लाभांश पर कर	**36.37**	308.46
अधिशेष तुलनपत्र में लाया	**25,408.26**	24,803.18
	25,872.63	28,741.64

आपकी कम्पनी ने वर्ष के दौरान राजकोष में आयकर, बिक्रीकर, अन्य लाभकर, सुविधाकर, उत्पादशुल्क, सीमाशुल्क (आयात) स्वामित्व शुल्क के रूप में 7,018.23 लाख रुपये (गत वर्ष 4,534.46 लाख रुपये) का योगदान दिया।

1.2 परिचालन निष्पादन:

वर्ष 2013-14 के दौरान आपकी कम्पनी के सभी प्रचालन इकाईयों का निष्पादन बहुत संतोषजनक रहा तथा खनन उत्पादन एवं संसाधन पहले की अपेक्षा काफी उच्चतम दर्ज किया गया तथा संसाधित अयस्क को न्यूक्लियर फ्यूल कॉम्प्लेक्स को भेजा गया।

■ जादुगोड़ा खान

जादुगोड़ा यूरेनियम खान 1968 से प्रचालनरत है और आज देश की सबसे पुरानी एवं गहरी भूमिगत खान है।



वर्ष के दौरान खान की उपयोग क्षमता 107.71% दर्ज की गई है। खनन पट्टा के लिए पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त होने के पश्चात प्रथम एवं द्वितीय पट्टा नवीनीकरण का आवेदन प्रगतिधीन है।

■ भाटिन खान

आने वाले वर्षों में उच्च उत्पादन के लिए खान का नक्शा तथा अयस्क ऊपर उठाने की व्यवस्था का उन्नयन किया जा रहा है। विवरण तैयार किया जा रहा है। जादूगोड़ा खान सहित पट्टा नवीनीकरण का आवेदन प्रक्रिया में है।

■ नरवापहाड़ खान

1000 टन प्रतिदिन उत्पादन क्षमता वाला नरवा पहाड़ यूरेनियम माइन्स देश की अत्याधुनिक यूरेनियम खान



है। उच्च उत्पादकता एवं उन्नत सुरक्षा को सुनिश्चित करते हुए पटरीविहीन उपकरणें इस खान में प्रचालन में है। वर्ष के दौरान इनकी उपयोग क्षमता 150.29 दर्ज की गई। स्थायी आधार पर उत्पादन क्षमता 1500 टन प्रतिदिन तक बढ़ाने हेतु खान के विस्तारण की योजना बनाई गई है।

■ तुरामडीह खान

वर्ष के दौरान तुरामडीह खान की उपयोग क्षमता 129.90% दर्ज की गई। यह नरवापहाड़ के बाद दूसरी इस प्रकार की खान है जिसमें अत्यधिक आधुनिक भूमिगत पटरीविहीन खनन तकनीक का इस्तेमाल



किया गया है जिसका विस्तारीकरण किया जा रहा है जो वर्तमान में 750 टन प्रति दिन से बढ़ाकर 1000 टन प्रतिदिन किया जा रहा है। इस खान में एक छोटे खंड में ट्रायल के लिए एक नई नन-इन्ट्री टाइप स्टोपिंग मेथड की योजना बनाई गई है। उम्मीद की जाती है कि यह अधिक उत्पादक और सुरक्षित होगी।

■ बान्दुहुरांग ओपेनकास्ट खान

यह 3500 टन अयस्क प्रतिदिन उत्पादन क्षमता वाली देश की प्रथम ओपेन कास्ट यूरेनियम माइन्स है। वर्ष के दौरान ठेकेदारी में नियोजन की मांग पर खान ने कानून व्यवस्था की अनेक परेशानियों का सामना किया। दीर्घकालीन विरोध के पश्चात खान में इसके प्रदर्शन में धीरे-धीरे सुधार हुआ है। खान के आसपास सामाजिक, राजनीतिक माहौल लगातार अस्थिर बना रहा है तथा खान संचालन में लगातार व्यवधान की संभावना बनी रही है। वर्ष के दौरान खान की उपयोग क्षमता 53.36% दर्ज की गई है।

■ **बागजाता खान**

वर्ष के दौरान खान में 106.42% उपयोग क्षमता दर्ज की गई है। बागजाता खान से उत्पादित अयस्क ट्रक के द्वारा जादूगोड़ा संसाधन संयंत्र में लाया गया। बागजाता खान में उच्चतम उत्पादन से क्षेत्र में ट्रांसपोर्ट के लगातार व्यवधान की वजह से जादूगोड़ा संयंत्र में सुरक्षित भंडार के रूप में स्टॉक-पिल के निर्माण में सहायता मिली। तथापि क्षेत्र में सामान्य कानून व्यवस्था की समस्या से खान से संयंत्र तक अयस्क का सुगम संचलान प्रभावित हुआ है।

■ **माहुलडीह खान**

यह मार्च 2013 में स्थापित झारखंड में आपकी कंपनी की सातवीं खान है। इसमें भी आधुनिक पटरीविहीन खनन प्रणाली उपयोग की जा रही है। खान से उत्पादित अयस्क तुरामडीह संयंत्र में लाया जाता है।

■ **जादुगोड़ा संयंत्र**

यह संयंत्र वर्ष 1968 में चालू हुआ एवं इसका विस्तारण तीन चरणों में किया गया। 2500 टन प्रतिदिन की वर्तमान संसाधन क्षमता के साथ वर्ष के दौरान संयंत्र की उपयोग क्षमता 92.20% रही। संयंत्र अब मैग्नेशियम-डाई-यूरेनेट के जगह पर यूरेनियम पेरॉक्साइड का उत्पादन करती है। यूरेनियम पेरॉक्साइड पर्यावरण हितैषी एवं मूल्यजनित उत्पाद है जिससे एन.एफ.सी. में संसाधन प्रक्रिया में लाभ मिलता है।

■ **तुरामडीह मिल**

तुरामडीह मिल अपनी क्षमता का 3000 टीपीडी अयस्क संसाधन के साथ निष्पादन कर रहा है तथा यह आपकी कंपनी के आउटपुट में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। इसमें तुरामडीह, बांदुहुरांग एवं महुलडीह खान



के अयस्क फीड किए जाते हैं। वर्ष के दौरान संयंत्र ने 106.57% उपयोग क्षमता हासिल की है। नरवापहाड़ खान का अतिरिक्त उत्पादन तुरामडीह मिल में सुरक्षित भंडार के निर्माण के साथ-साथ मिल फीड ग्रेड को उन्नत करने में इस्तेमाल होता है।

■ **उपोत्पाद पृथक्करण संयंत्र**

जादुगोड़ा उपोत्पाद पृथक्करण संयंत्र से उत्पादित मैग्नेटाइट, कम्पनी की वित्तीय स्थिति को मजबूत करने में रिकार्ड योगदान किया है। जादूगोड़ा संयंत्र के उत्पाद मैग्नेटाइट की उच्च शुद्धता ने बाजार से अच्छे उत्पाद दर को प्राप्त किया है।

1.3 नई परियोजनाएं

■ **तुमलापल्ली यूरेनियम परियोजना**

भूमिगत खान एवं संसाधन संयंत्र वाली परियोजना के द्वारा नवीन प्रौद्योगिकियों को देश में पहली बार अपनाया गया है। खान ने पहले ही 2350 टन अयस्क प्रतिदिन उत्पादन प्राप्त कर लिया है। पर्याप्त स्टॉक पिल भी तैयार हो गयें हैं। हैंग वाल लोड का उत्खनन, जो कि बैड रूफ कंडीशन को ध्यान में रखते हुए एक चुनौती है जिसे नेशनल इंस्टीच्युट ऑफ रॉक मैकेनिक, कोलार की सहायता से नई तकनीक के द्वारा सुलझाने का प्रयास किया जा रहा है। पायलट प्लांट अध्ययन के बाद प्लांट में रिकवरी तथा प्रेसीपीटेशन में सुधार की दिशा में कुछ नए उपकरणों को व्यवहार में लाया गया है। प्लांट के कार्य-निष्पादन में निरंतर सुधार हो रहा है।

■ **गोगी यूरेनियम परियोजना, कर्नाटक**

आपकी कम्पनी ने ए.एम.डी. के तरफ से गोगी में एक्सप्लोरेटरी माइनिंग किया। यह एक्सप्लोरेटरी माइनिंग अयस्क के विभिन्न भू-गर्भीय स्थिति एवं रासायनिक पर्यावरण तथा अयस्क ज्यामिति के हिसाब से काफी महत्वपूर्ण है एवं यह वर्तमान माइन्स से अलग है। तथापि खान निर्मुक्त जल में यूरेनियम की अधिक मात्रा होने की वजह से आसपास के गांवों तथा वहां निवास करने वाले लोगों में भय एवं विरोध है। सभी एक्सप्लोरेटरी माइनिंग कार्य को इस विरोध के कारण स्थलों पर रोक दिया गया है। वन एवं पर्यावरण मंत्रालय के निर्देशानुसार पर्यावरणीय स्वीकृति के लिए नया आवेदन किया जा रहा है। यूसिल परमाणु ऊर्जा

विभाग के तरफ से एक चरणबद्ध पब्लिक आउटरिच प्रोग्राम बनायी गई है, जिससे आसपास के लोगों में इस संचालन का विश्वास एवं उच्च पारदर्शिता को बताया जा सके। यूसिल अपनी आउटरिच प्रोग्राम के लिए बी.ए.आर.सी. के विशेषज्ञों एवं ख्याति-प्राप्त एन.जी.ओ. के साथ एक प्रोग्राम बनायी है।

- **लाम्बापुर यूरेनियम परियोजना**

  लाम्बापुर यूरेनियम परियोजना के लिए आन्ध्रप्रदेश सरकार से खनन पट्टे का अनुमोदन एवं स्थापना हेतु आंध्रप्रदेश पर्यावरण नियंत्रण बोर्ड की स्वीकृति अभी तक प्रतीक्षित है। भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया जारी है।

- **केलेंग-पेंडेंगसोहियोंग परियोजना, मेघालय**

  आपकी कम्पनी माउथाबा मेघालय में केलेंग पेंडेंगसोहियोंग परियोजना के लिए भारत सरकार से अनुमोदन प्राप्त करने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। आपकी कम्पनी स्थानीय लोगों से सकारात्मक उत्तर प्राप्त करने के लिए आउटरिच कार्य जैसे- सड़क एवं पुलियों, स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण, सहायता के लिए शैक्षणिक केन्द्र एवं अन्य सामाजिक आर्थिक कार्यक्रम का कार्यान्वयन सफलतापूर्वक कर रही है ताकि स्थानीय लोग स्वास्थ्य हानि के भय से मुक्त रहें। आपकी कम्पनी द्वारा ढांचागत विकास कार्य किया जा रहा है जिससे कि स्थानीय जनसंख्या को भी सकारात्मक पर्यावरण सृजन में साथ लाया जा सके।

- **रोहिल यूरेनियम भण्डार, राजस्थान**

  आपकी कम्पनी ने इस क्षेत्र में अन्वेषण खनन कार्य करने के लिए ए.एम.डी. के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है। अन्वेषण खनन कार्य की योजना आवश्यक अनुमोदन हेतु ए.एम.डी. के पास जमा कर दिया गया है। यूसिल एवं ए.एम.डी टीम ने क्रिया-कलाप की पहल करने हेतु स्थल का दौरा किया है।

- **तुरामडीह में मैग्नेटाइट प्रति-प्राप्ति संयंत्र**

  आपकी कंपनी तुरामडीह में नया मैग्नेटाइट (उपोत्पाद की तरह) प्रति-प्राप्ति संयंत्र लगा रही है, जिससे कि टेलिंग्स से महत्वपूर्ण उत्पाद प्राप्त हो सके तथा वित्तीय स्थिति उन्नत हो सके।

- **तुरामडीह में यूरेनियम पेरॉक्साइड फैसिलिटी**

  आपकी कंपनी ने वर्तमान तुरामडीह यूरेनियम प्रोसेसिंग प्लांट में नई यूरेनियम पेरॉक्साइड फैसिलिटी लगाया है। इसने अभिकर्मकों के अधिकतम इस्तेमाल तथा उत्पाद के बेहतर प्रति-प्राप्ति हेतु उन्नत प्रौद्योगिकी को अपनाया है। यूरेनियम पैरॉक्साइड एन.एफ.सी. में एक पर्यावरणीय सौम्य तथा संसाधन प्रथाओं को लाभ पहुंचाने वाली मूल्य संवर्धित उत्पाद है।

- **जादूगोड़ा में चतुर्थ चरण टेलिंग पॉण्ड**

  आपकी कंपनी ने जादूगोड़ा संयंत्र के टेलिंग प्रबंधन के लिए सामर्थ्य निर्माण की दिशा में अतिरिक्त 10 वर्षों के लिए प्रथम चरण टेलिंग पॉण्ड के द्वितीय फेज का निर्माण किया है।

- **तुरामडीह में द्वितीय चरण का टेलिंग पॉण्ड**

  आपकी कम्पनी तुरामडीह संयंत्र के लिए टेलिंग्स प्रबंधन की क्षमता निर्माण के लिए द्वितीय चरण के टेलिंग पॉण्ड के निर्माण का कार्य लिया है।

- **कॉपर टेलिंग्स से यूरेनियम प्रति-प्राप्ति संयंत्र**

  आपकी कंपनी ने राखा एवं सुरदा माइन्स में मेसर्स हिन्दुस्तान कॉपर लिमिटेड के संचालन से यूरेनियम प्रति-प्राप्ति हेतु दो यूरेनियम प्रति-प्राप्ति संयंत्र के निर्माण का प्रस्ताव किया है।

- **भाटीन माइन्स का आधुनिकीकरण**

  आपकी कंपनी नई पटरीविहीन मशीनरी तथा सुक्ष्म उपकरण को उत्क्रमित करते हुए ओर बॉडी के क्षेत्र को उन्नत करने इत्यादि के साथ भाटीन खान के संचालन का विस्तार करने का प्रस्ताव लाई है। 12वीं योजनावधि के मध्यक्रम समीक्षा में व्यवस्था की गई है।

- **सिंहभूम और तुम्मलापल्ली संचालन का डिबोटल-नेकिंग**

  सिंहभूम और तुम्मलापल्ली के संयंत्रों के सुगम और निरंतर संचालन में मुश्किलों को दूर करने के लिए तथा क्षमता का उच्चतम उपयोग करने के लिए आपकी कम्पनी अपने पूरे सात परियोजनाओं को दो अलग-अलग शीर्ष -सिंहभुम संचालन का डिबोट्लनेकिंग तथा तुम्मल्लापल्ली संचालन का डिबोट्लनेकिंग, में

वर्गीकृत करने का प्रस्ताव लाई है। सिंहभुम की गतिविधियों में शामिल होगा नरवापहाड़ में वाईडर अपग्रेडेशन, तुरामडीह के होइस्टिंग एवं क्रशिंग पद्धति में सुधार, खरकई नदी के वेयर एवं नदी के तट की सुरक्षा, जादुगोड़ा संयंत्र में मिश्रित लिच्ड स्लरी के रख-रखाव में सुधार, लिर्चींग एवं न्यूट्रेलाइजिंग के लिए जादुगोड़ा संयंत्र में मैकेनिकली एजीटेड सिस्टम को अपनाना। तुम्मलापल्ली की गतिविधियों में शामिल होगा- माइन्स के हैंगवॉल लोड का ट्रायल स्टॉपिंग तथा संयंत्र से निकल रहे पर्यावरणीय निर्मुक्त को नियंत्रित करना। 12वीं योजनावधि के मध्यक्रम समीक्षा में व्यवस्था की गई है।

1.4 समझौता ज्ञापन निष्पादन

भारत सरकार के परमाणु ऊर्जा विभाग के साथ हुए समझौता ज्ञापन के संदर्भ में वर्ष 2013-2014 में आपकी कम्पनी के निष्पादन कार्य को "बहुत अच्छा" रेटिंग मिलने की आशा है।

2.0 लाभांश में तथा रिजर्व में स्थानान्तरण

आपके निदेशकगण 146,961.78 लाख रुपये के प्रदत्त पूंजी के ऊपर 214.00 लाख रुपये लाभांश देने का सिफारिश करते हुए प्रसन्नता व्यक्त कर रहे हैं (विगत वर्ष यह राशि 1815.00 लाख रुपये थी) तद्नुसार लाभ से 214.00 लाख रुपये की यह राशि सामान्य आरक्षित राशि में स्थानान्तरित किया गया तथा वर्ष 2013-14 के लिये लेखा में 36.37 लाख रुपये (विगत वर्ष 308.46 लाख रुपये) लाभांश पर कर के लिए प्रावधान किया गया है।

3.0 अंश पूँजी

वर्ष के दौरान कम्पनी की अधिकृत अंशपूँजी 2500 करोड़ रुपये तथा 31.03.2014 को निर्गमित अंशपूँजी 1469.62 करोड़ रुपये हुई।

4.0 ऊर्जा संरक्षण/प्रौद्योगिकी का समावेश, अनुकूलन, नवात्पाद तथा विदेशी मुद्रा का अर्जन एवं उपयोग

कम्पनी अधिनियम 1956 की धारा 217(1) (ई) (निदेशक मण्डल के प्रतिवेदन में दिखाए गए विवरण) कम्पनी नियम 1988 के अनुसार पठित ऊर्जा संरक्षण, प्रौद्योगिकी का समावेश तथा विदेशी मुद्रा के उपयोग एवं अर्जन संबंधी विवरण इस प्रतिवेदन के अनुलग्नक-1 में दिखलाया गया है।

5.0 औद्योगिक सम्बंध

वर्ष के दौरान औद्योगिक संबंध विभिन्न स्तरों के कर्मचारियों के साथ मधुर संबंध सहित संतोषजनक रहा। कर्मचारियों से संबंधित सभी महत्वपूर्ण कल्याणकारी मुद्दों जैसे- पदोन्नति, प्रशासनिक उपाय, क्वार्टर आवंटन इत्यादि महत्वपूर्ण मुद्दों पर यूसिल प्रबंधन एवं यूरेनियम प्रतिनिधियों तथा ऑफिसर्स एशोसिएशन के बीच सौहार्द्रपूर्ण वार्ता होती रही।

6.0 श्रम शक्ति

31.03.2014 को आपकी कम्पनी में कर्मचारियों की कुल संख्या 4642 थी। कम्पनी में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कम्पनी की कुल कार्यशक्ति का 48.48% है। 31.03.2014 को कम्पनी में भूतपूर्व सैनिकों की संख्या 6 तथा शारीरिक रूप से विकलांग व्यक्तियों की संख्या 12 थी। भारत सरकार द्वारा निर्धारित मार्गदर्शनों के आधार पर आरक्षित कोटा भरने के लिए कम्पनी द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा है।

7.0 प्रबंधन में कर्मचारियों की भागीदारी

वर्ष 2013-14 के दौरान आपकी कंपनी ने सभी स्तरों पर सौहार्द्रपूर्ण संबंध कायम रखा है। विभिन्न संचालित इकाइयों के कर्मचारियों की शिकायत से संबंधित मुद्दों को केंद्रित करते हुए शॉप समिति की कुल 40 बैठकें की गई। ये मुद्दे बाद में उच्च प्रबंधन की जानकारी में लाए गए। कर्मचारियों को भविष्य निधि के न्यास बोर्ड, ग्रैच्युटी निधि न्यास, मृत्यु लाभ योजना, कर्मचारी पारिवारिक सहायता योजना, कल्याण निधि योजना तथा को-ऑपरेटिव क्रेडिट सोसाइटी आदि योजनाओं में प्रतिनिधित्व दिया गया। कर्मचारियों के प्रतिनिधि सुरक्षा समिति, कैन्टिन प्रबंधन समिति तथा स्पोर्ट्स समिति इत्यादि के सदस्यों के रूप में सक्रिय भूमिका निभाते हैं।

8.0 कर्मचारियों का विवरण

कम्पनी अधिनियम, 1956 की धारा 217(2ए) के साथ पठित यथा संशोधित (कर्मचारियों का विवरण) नियम 1975 के अनुसार उक्त नियम के तहत वर्ष 2013-14 के दौरान पारिश्रमिक दिया गया जो कि निम्नवत् है :

i) श्री डी. आचार्य (अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक) - रु. 29.98 लाख

ii) श्री एस. के. श्रीवास्तव, निदेशक (तकनीकी) - रु. 23.68 लाख

iii) श्री बी. एल. साबू, निदेशक (वित्त) - रु. 20.54 लाख

9.0 मानव संसाधन विकास एवं प्रशिक्षण

कुशलता से इन गतिविधियों को चालू करने के लिए आपकी कम्पनी रासायनिक प्रक्रिया से जुड़े भूमिगत हार्डरॉक खनन और खनिज प्रसंस्करण के आला क्षेत्र में संचालन कर रही है। परम आवश्यक होने की वजह से यह सभी स्तरों पर प्रशिक्षण में विश्वास रखता है। आपकी कंपनी ने कर्मचारियों के विभिन्न वर्गों के लिए संरचनाबद्ध प्रशिक्षण मापदंड विकसित की है, जो कि समकक्ष तकनीकी वातावरण में समान कंपनियों के साथ नियामक प्राधिकारियों के द्वारा मान्यता प्राप्त हुआ करती है।

इस संबंध में पिछले वर्ष की भांति वर्ग-ए एवं बी अधिकारियों तथा पर्यवेक्षकों को प्रबंधन प्रशिक्षण केन्द्र नरवापहाड़ में प्रशिक्षण प्रदान की गई। व्याख्यान मुख्य रूप से निम्नलिखित विषयों से संबंधित थे :

1. मानव संसाधन विकास
2. प्रौद्योगिकी विकास
3. व्यक्तित्व विकास/ आंतरिक वैयक्तिक कौशल/ प्रबंधन विकास
4. स्वास्थ्य एवं सुरक्षा
5. पर्यावरण प्रबंधन

यूसिल के कुछ अधिकारियों सहित बाहरी वक्ताओं द्वारा कुल 49 व्याख्यान दिये गये। अधिकारियों को कुल 1084 दिनों का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इनके अतिरिक्त विशिष्ट उपकरणों , प्रणालियों एवं प्रक्रियाओं तथा आई.एस.ओ. 9001, आई.एस.ओ. :14001 और आई.एस.: 18001 के लिए भी प्रशिक्षण दिए गए। उपरोक्त के अलावे 140 अधिकारियों ने देश के विभिन्न भागों में सेमिनार / कार्यशालाओं में भाग लिया।

10.0 सुरक्षा

आपकी कम्पनी सभी कार्यकलापों पर सुरक्षा के आन्तरिक सुरक्षा संगठनों के ढांचे पर विशेष रूप से महत्व देती है । खान एवं प्रसंस्करण संयंत्र में सुरक्षा को सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया जाता है । शून्य दुर्घटना प्राप्ति हेतु आंतरिक सुरक्षा संगठन के साथ चालू सुरक्षा मानकों की समय समय पर समीक्षा की गई । दुर्घटना को कम करने के लिए आपकी कंपनी के द्वारा अत्याधुनिक खनन प्रौद्योगिकी सहित उच्च कोटि के यांत्रिकीकरण को अपनाया गया है। आपकी कंपनी की हर इकाइयों में वार्षिक सुरक्षा अभियान आयोजित किये गये। सभी खान के यूसिल खान सुरक्षा समिति ने क्रॉस-सेक्सन कर्मचारियों वाली नियमित मासिक बैठक आयोजित किये, जिसमें लगभग चुक गई दुर्घटनाएँ, असुरक्षित क्रिया-कलाप तथा कार्य-प्रणालियों एवं पुनरीक्षणाधीन कार्य के दौरान घटित दुर्घटनाओं के ऊपर चर्चा करने के लिए यूनियन प्रतिनिधि, कर्मचारियों के निरीक्षक, स्वास्थ्य भौतिकविद उपस्थित हुए। स्वास्थ्य परीक्षण केन्द्रों में योग्य पेशेवर स्वास्थ्य चिकित्सकों के द्वारा सभी कर्मचारियों का नियोजन पूर्व एवं सामयिक स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। ग्रुप व्यावसायिक केन्द्रों में ठेका-कर्मियों सहित सभी कर्मचारियों को व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान किए गए। प्रबंधन प्रशिक्षण केन्द्र अधिकारियों एवं पर्यवेक्षकों के लिए विभिन्न प्रशिक्षण प्रोग्राम आयोजित किए गए।

11.0 निगमित सामाजिक दायित्व (सी.एस.आर.)

विगत वर्षों की तरह यूसिल ने अपने निगमित सामाजिक दायित्व क्रिया-कलापों को नये उत्साह के साथ और अपने बेहतर परिभाषित कार्यक्रम के माध्यम से आसपास के समुदायों की आकांक्षाओं की पूर्ति करने के लिए नए क्षेत्रों में निगमित सामाजिक दायित्व पहल को क्रियान्वित किया। आपकी कम्पनी प्रबंधन संस्कृति का अभिन्न हिस्सा की तरह अपनी इकाइयों के समीप रहनेवाले समुदायों के निरंतर विकास के साथ अच्छी व्यवसायिक नागरिकता का अनुकरण की है। हमारी अनुकूल, व्यवस्थित और आवश्यकता आधारित निगमित सामाजिक गतिविधियाँ हमारे सामाजिक, आर्थिक एवं पर्यावरणीय विकास में योगदान करती है, जो कि हमारे वर्तमान की आवश्यकताओं को आनेवाले पुस्तों की जरूरत की माँग को बिना नुकसान पहुँचाये पूरा करती है। कम्पनी अपने निगमित सामाजिक दायित्व की गतिविधियों को विकसित रूप से सात क्षेत्रों में केन्द्रित एवं चिह्नित करती है जैसे कि- आधारभूत संरचना,

पेयजल, शिक्षा, कौशल विकास प्रशिक्षण, सिंचाई, स्वास्थ्य देखभाल, खेलकूद एवं संस्कृति इत्यादि अपनी सारी इकाइयों के लिए जारी समुदाय विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत करती है।

निम्नलिखित सीएसआर गतिविधियाँ इन कार्यक्रम के तहत यूसिल में अप्रैल 2013 से मार्च 2014 तक किये गये।

i) आधारभूत संरचना- आधारभूत संरचना से संबंधित विकास जैसे कि- अधिकांश स्थानीय समुदायों के बीच सड़क का निर्माण एवं मरम्मत, नालियाँ, स्कूल की चहारदीवारी तथा जाहेर स्थान का भवन, सामुदायिक भवन का विकास इत्यादि वित्तीय वर्ष में किए गए। नए सी.एस.आर. पहल के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष के दौरान पुरूष तथा महिलाओं के लिए जन शौचालय तथा स्नानागार का निर्माण के साथ-साथ कुछ स्थानीय विद्यालयों में छात्र तथा छात्राओं के लिए शौचालय का निर्माण किया गया।

ii) पेयजल- विगत वर्षों की तरह आसपास के गाँवों में निरन्तर रोजमर्रा के जीवन यापन के लिए स्थानीय समिति को नये ट्यूबवेल एवं हैण्डपम्प की स्थापना तथा रख-रखाव का कार्य दिया गया। नरवापहाड़ माइन्स से सटे हुए खुर्शी गाँव में ओवरहेड पेयजल टैंक का निर्माण इस संबंध में एक महत्वपूर्ण कार्य है, जिससे कि इस गाँव की लोगों को उत्तम पेयजल समस्या का समाधान हुआ।

iii) शिक्षा- गाँव के आस पास रहनेवाले गरीब बच्चों को प्रतिभा पोषण कार्यक्रम के तहत परमाणु ऊर्जा केन्द्रीय विद्यालय में दाखिला दिया गया और पोशाक, जूते, स्टेशनरी, किताबें, बैग इत्यादि दिये गए । मेधावी बच्चों को छात्रिवृत्ति और वित्तीय सहायता भी दिये गए ।

डेस्क, कुर्सियाँ, टेबल, ब्लैक बोर्ड इत्यादि भी अधिकांश स्थानीय ग्रामीण विद्यालयों को उपलब्ध कराये गए ।

iv) कौशल विकास प्रशिक्षण- कौशल विकास प्रशिक्षण के क्षेत्र में कंप्यूटर शिक्षा, अंग्रेजी एवं सूक्ष्म कौशल प्रशिक्षण, फिनाइल निर्माण, पत्ते की कटोरी निर्माण, जरी साड़ी निर्माण का प्रशिक्षण दिया गया ।

v) सिंचाई- कुछ अवस्थाओं में आसपास के गाँवों में अच्छी फसल के लिए कुछ बीज तथा खाद एवं सिंचाई के लिए पम्प उपलब्ध कराये गये।

vi) स्वास्थ्य देखभाल- आसपास के गाँवों में साप्ताहिक स्वास्थ्य कैम्प का आयोजन किया गया, जिसमें मरीजों को मुफ्त दवाइयाँ उपलब्ध कराई गई।

vii) खेल-कूद एवं संस्कृति- खेदकूद के क्षेत्र में फुटबॉल, जो कि पूर्वी सिंहभूम क्षेत्र का काफी प्रसिद्ध खेल है, पर विशेष ध्यान दिया जाता है। बहुत सारे ग्रामीण युवकों को नरवापहाड़ माइन्स के समीप के गाँवों में मुफ्त फुटबॉल कोचिंग तथा संबंधित खेदकूद का सामान दिया जाता है, जिससे कि जमशेदपुर फुटबॉल एसोसिएशन द्वारा आयोजित महत्वपूर्ण टूर्नामेंट में स्थानीय टीम भाग लेकर चैम्पियन बने। स्थानीय जन-जातीय नृत्य स्थानीय निवासियों को उनके सांस्कृतिक विरासत को कायम रखने के उद्देश्य से आयोजित किए जाते हैं।

परिणामस्वरूप सी.एस.आर. प्रोग्राम के व्यापक प्रभाव होने की वजह से यूसिल का मुख्य उद्देश्य अपने व्यवसाय को नीतियों, सामाजिक मैत्रीपूर्ण तथा सामुदायिक हितों, निरंतर विकास के साथ वर्ष के दौरान हासिल किया गया।

12.0 मान्यता एवं पुरस्कार

वर्ष के दौरान यूसिल के द्वारा निम्नलिखित पुरस्कार ग्रहण किए गए, जोकि उत्कृष्टता की ओर आपकी कम्पनी के प्रयासों के सम्मान को उजागर करता है।

पुरस्कार	पुरस्कार का स्तर	आवार्डी	पुरस्कार के प्रकार
नरवापहाड़ माइन्स	राष्ट्रीय	ग्रीनटेक फाउण्डेशन, नई दिल्ली	प्रशिक्षण उत्कृष्टता के लिए सिल्वर अवार्ड
तुरामडीह माइन्स	राष्ट्रीय	ग्रीनटेक इनवायर्न्मेंट अवार्ड	धातु एवं खनन क्षेत्र में पर्यावरण प्रबंधन में सर्वश्रेष्ठ उपलब्धि के लिए सिल्वर अवार्ड
यूसिल	राष्ट्रीय	ग्रीनटेक फाउण्डेशन	मानव संसाधन में प्रौद्योगिकी में सर्वश्रेष्ठ उपलब्धि के लिए गोल्ड अवार्ड
सी.एम.डी., यूसिल	राष्ट्रीय	आई.आई.टी., खड़गपुर	प्रतिष्ठित पूर्व छात्र पुरस्कार
यूसिल	क्षेत्रीय	प्रभात खबर	झारखण्ड के लिए उत्कृष्ट योगदान
यूसिल	राष्ट्रीय	ईंडियन ट्रुडे ग्रुप	1. गैर रत्न श्रेणी में निगमित सामाजिक दायित्व एवं निरंतरता में सर्वश्रेष्ठ सार्वजनिक क्षेत्र इकाई का पुरस्कार 2. गैर रत्न श्रेणी में सबसे अधिक पर्यावरण के अनुकूल पीएसयू के लिए पुरस्कार
यूसिल	राष्ट्रीय	ईंजिनियरिंग वाच	(उत्कृष्ट परियोजना के लिए अभियंत्रण उत्कृष्टता पुरस्कार) 2014 - "यूसिल तुरामडीह भूमिगत खान में हानिकारक गैसों एवं वेंटीलेशन पंखों के स्वचालित नियंत्रण का रिमोट मॉनिटरिंग"

13.0 कॉरपोरेट अभिशासन

कॉरपोरेट अभिशासन से संबंधित एक रिपोर्ट अनुलग्नक-II में दी गयी है।

14.0 सार्वजनिक जमा

वर्तमान समीक्षा वर्ष के दौरान कम्पनी ने किसी भी व्यक्ति से कोई जमा राशि नहीं स्वीकार की है।

15.0 इकोलॉजी एवं पर्यावरण संरक्षण

आपकी कम्पनी एक आई. एस. ओ. 14001:2004 प्रमाणित संस्था है। आपकी कम्पनी अपने चारों ओर की सभी इकाइयों में इकोलॉजी तथा पर्यावरण संरक्षण की दिशा में काफी जोर देती है तथा उच्च मानक को बनाए रखी है। भाभा परमाणु अनुसंधान केन्द्र के हैल्थ फिजिक्स यूनिट द्वारा जादूगोड़ा, नरवापहाड़, तुरामडीह एवं तुम्मलापल्ली के सभी प्रचालनों में तथा इसके आसपास के क्षेत्रों में नियमित रूप से रेडियोधर्मिता की निगरानी रखती है। बाह्य गामा विकिरण, रेडॉन सांद्रता, वायु में आल्फा कणों की सक्रियता एवं भूमि तथा भूमिगत जल एवं मिट्टी आदि में रेडियम एवं यूरेनियम जैसे रेडियो न्यूक्लाइड्स की सांद्रता का आकलन नियमित रूप से किया जाता है। सतत् विकास की दिशा में सभी खान निर्मुक्तों को इसके औद्योगिकी उद्देश्यों में इस्तेमाल हेतु पुनरावर्तन करने के प्रयास किये गये हैं। संयंत्र के शोधित मल-जल एवं बहिश्रावी के कुछ अंशों का पुनरावर्तन किया जाता है। प्रसंस्करण संयंत्र से शोधित निर्मुक्तों को सार्वजनिक क्षेत्र में बहाने के पूर्व विनियामक अनुपालन हेतु जाँच की जाती है। क्षेत्र की इकोलॉजी एवं सौंदर्यता के रख-रखाव हेतु कम्पनी नियमित रूप से पौधारोपण का कार्य करती है। आपकी कम्पनी ने आसपास के क्षेत्रों में पड़े अपशिष्ट चट्टानों का प्रगतिशील उपचार किया है। इसके खान तथा प्रसंस्करण संयंत्र एवं टेलिंग पॉण्ड्स, संरक्षण एवं पर्यावरणीय प्रबन्धन प्रयासों के लिए जाने जाते हैं। आपकी कम्पनी नरवापहाड़ टाउनशिप के पर्यावरणीय प्रबंधन प्रणाली की देखरेख टी.यू.व्ही.-एन.ओ.आर.डी. द्वारा सत्यापित आई.एस.ओ.-14001:2004 के अनुसार करती है। आपकी कम्पनी यकीन करती है कि इसकी सुविधाएँ अपने आसपास के जीवन-स्तर में हर तरह से बढ़ोतरी करे। तद्नुसार टाउनशिप के प्रबंधन प्रशिक्षण केन्द्र में, निवासियों एवं अन्य इच्छुक पार्टियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की गई।

16. आई.एस.ओ.प्रमाणीकरण

आपकी कम्पनी आई.एस.ओ. 9001:2008 (गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए प्रमाण पत्र) आई.एस.ओ.-14001:2004 तथा आई.एस.18001:2007 (व्यावसायिक स्वास्थ्य तथा सुरक्षा प्रबंधन व्यवस्था के लिए प्रमाण-पत्र) प्रमाणीकरण को बनाये रखा है। आई.एस. 18001:2007 प्रमाणीकरण के तहत जोखिम निर्धारण एवं प्रबंधन को भी कवर किया जाता है। आपकी कम्पनी का नरवापहाड़ टाउनशिप, 2013 में टी.यू.व्ही./एन.ओ.आर.डी. द्वारा आई.एस.ओ.-14001:2004 के लिए प्रमाणित हुई है, जो कि किसी भी खनन उद्योग टाउनशिप में अभूतपूर्व उपलब्धि है।

17. लघु एवं मध्यम स्तरीय उद्योग (एस.एम.ई.)

आपकी कम्पनी अपने आसपास के क्षेत्र के लघु एवं मध्यम उद्योगों के समुचित सामाजिक विकास में भूमिका अदा करती है। वर्ष के दौरान आपकी कम्पनी लघु एवं मध्यम उद्योगों को सहायता पहुँचाते हुए बहुत सारे यंत्रों एवं उपकरणों के स्वदेशीकरण में सफलता हासिल की है और इस प्रकार बहुमूल्य विदेशी मुद्रा की बचत की है। यूसिल अभियंता एवं एस.एम.ई.के प्रौद्योगिकी हस्तांतरण के संयुक्त प्रयासों से महत्वपूर्ण सफलता मिली है।

18. विदेश भ्रमण

इस वर्ष विदेश यात्रा पर 8.43 लाख रुपया खर्च हुआ जबकि विगत वर्ष 8.95 लाख खर्च हुआ था ।

19. विज्ञापन एवं प्रचार

विगत वर्ष के रु. 348.78 लाख की तुलना में इस वर्ष विज्ञापन तथा प्रचार कार्य पर रु. 549.15 लाख खर्च हुआ। यह खर्च नियुक्तियों एवं निविदा संबंधी सूचनाओं के प्रसारण पर किया गया। आपकी कंपनी विज्ञापन एवं प्रचार के लिए वेबसाइट के उपयोग में वृद्धि में प्रगतिशील है।

20 हिन्दी का प्रगामी प्रयोग

वर्ष 2013-14 के दौरान कम्पनी ने राजभाषा अधिनियम एवं नियमों के अन्तर्गत बने प्रावधानों एवं नियमों को कार्यान्वित करने की दिशा में प्रयास जारी रखा रखा है। प्रगति की समीक्षा

के लिए राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठकें समय-समय पर आयोजित की जाती है। 16 से 20 सितम्बर 2013 के दौरान 'हिन्दी सप्ताह' मनाया गया। हिन्दी सप्ताह के दौरान हिन्दी निबन्ध, समभाषण एवं स्वरचित हिन्दी कविता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया तथा प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। वर्ष के दौरान आयोजन के अन्तर्गत कार्यालय के कामकाज में हिन्दी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यूसिल राजभाषा विभाग द्वारा यूसिल के विभिन्न इकाईयों/विभागों में हिन्दी कार्यशालाएँ आयोजित की गई।

वर्ष के दौरान कम्पनी के द्वारा उत्कृष्ट हिन्दी कार्यशाला आयोजन को ध्यान में रखते हुए नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार के द्वारा कम्पनी को प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

21. लेखा परीक्षकों की नियुक्ति

वित्तीय वर्ष 2014-15 के लिए भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक द्वारा सांविधिक लेखा परीक्षक के रूप में मेसर्स यू नारायण एण्ड कम्पनी (ई.आर. 0819), 110, अशोका प्लेस, एग्जीविशन रोड, पटना-800001 को नियुक्त किया है ।

22. अंशकालिक मुख्य सतर्कता अधिकारी की नियुक्ति

केन्द्रीय सतर्कता आयोग (सी.व्ही.सी.) के द्वारा अनुमोदन के आधार पर श्री बी. सी. गुप्ता, कम्पनी सचिव, परमाणु ऊर्जा विभाग (प.ऊ.वि.) के पत्र संख्या 10/5(2)/99-पी.एस.यू./2828 दिनांक 28.02.2014 के द्वारा अंशकालिक मुख्य सतर्कता अधिकारी नियुक्त किये गये। तद्नुसार वे दिनांक 14.03.2014 से अपने नियमित कार्यों के साथ-साथ मुख्य सतर्कता अधिकारी का कार्यभार ग्रहण किये।

23. सतर्कता

निवारक सतर्कता पर संगठन के नियमों एवं विनियमों के अनुसार कड़ाई से पालन हो, इस पर जोर दिया जाता है। सभी निविदा आमंत्रण सूचना को कम्पनी की वेबसाइट पर अपलोड किया जाता है तथा समाचार पत्र में प्रकाशित किया जाता है । आपकी कम्पनी में पारदर्शिता लाने के लिए बोर्ड ने "एंटीग्रीटी पैक्ट" के साथ जालसाजी निरोधक नीति/व्हिसल ब्लोअर नीति की स्वीकृति दी है जिसे कम्पनी के वेबसाइट पर डाला गया है। वर्ष के दौरान सावधिक रिपोर्ट/रिटर्न केन्द्रीय सतर्कता आयोग को प्रस्तुत किये गए हैं । आपकी कम्पनी के मुख्य सतकर्ता अधिकारी अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक को रिपोर्ट करती है एवं विभिन्न विभागों के साथ वरिष्ठ अधिकारी को औचक निरीक्षण, भण्डार सत्यापन एवं अन्य परिसर सम्बंधी कार्य हेतु प्राधिकृत किया गया है । आपकी कम्पनी में 28 अक्तूबर, 2013 से 2 नवम्बर, 2013 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया था ।

24. निदेशकों की नियुक्ति/समापन

निदेशकों के नाम	(दिनांक... से समापन)
श्री व्ही.आर. सदाशिवम, संयुक्त सचिव (वित्त) प.ऊ.वि.	31.12.2013
डॉ. अमलेन्दु सिन्हा, निदेशक, सी.आई.एम.एफ.आर., धनबाद	20.03.2014
प्रो. तारकेश्वर कुमार, निदेशक, एन.आई.टी., दुर्गापुर	20.03.2014
श्री बी.एल.साबू, निदेशक (वित्त), यूसिल	12.05.2014

25. दृष्टिकोण

आपकी कम्पनी देश के योजनाबद्ध परमाणु कार्यक्रम के दिशा में ईन्धन की निरन्तर आपूर्ति बनाए रखना चाहती है, जबकि झारखण्ड में सिंहभूम क्षेत्र से अधिकतम उत्पादन हेतु सभी प्रयास किये जा रहे हैं। आंध्र प्रदेश में तुम्मलापल्ली परियोजना को चालू करना प्राथमिकता के आधार पर जारी है। देश के यूरेनियम उत्पादन में तुम्मलापल्ली का सफल संचालन एक महत्वपूर्ण पूँजी है। तुम्मलापल्ली में प्रक्रिया प्रौद्योगिकी उत्पाद के निर्बाध अवक्षेपण हेतु निरन्तर उन्नति के अधीन है। तुम्मलापल्ली के चारों ओर सामर्थ्य विस्तारण नए खानों एवं संयंत्रों का निर्माण, उत्पाद का अनुप्रवाह प्रसंस्करण इत्यादि की योजना भी बनाई गई है।

आनेवाले वर्षों में परमाणु ऊर्जा विभाग के समस्त कार्यक्रम की दिशा में यूरेनियम खनन की सामान्य स्वीकृति के लिये आपकी कम्पनी का प्रयास कल्याणकारी क्रियाकलापों में अधिक जोर के साथ चालू रहेगा। कर्नाटक में गोगी, मेघालय में के.पी.एम., आंध्रप्रदेश में लाम्बापुर में संभावित उत्पादन केन्द्रों के आसपास स्थानीय आबादी की आकांक्षाओं को पूर्ण करने के लिए प्रयासों का विस्तार किया जा रहा है ताकि यूरेनियम खनन के दुष्प्रभावों के मिथकों का शमन हो सके।

26. निदेशकों का उत्तरदायित्व सम्बंधी विवरण

कम्पनी अधिनियम 1956 की धारा 217 (2,एए) के प्रावधानों के अनुसार आपके निदेशकगण बताते हैं कि :

(i) वार्षिक प्रतिवेदन की तैयारी में लागू लेखा मानक को अपनाया गया है ।

(ii) आपके निदेशकों ने उन्हीं लेखा-नीतियों को अपनाया है जो साधारणतया स्वीकृत लेखा उद्देश्यों के लिए मान्य हैं । इसे संगतरूप से अपनाया गया है तथा इसके साथ न्याय एवं मूल्यांकन किया गया है जो कि विवेकसंगत तथा न्यायपूर्ण है जिससे कि वित्तीय वर्ष के अंत में तथा उसी अवधि में लाभ हानि संबंधी सच्चा एवं स्पष्ट विचार प्रस्तुत किया जा सके ।

(iii) आपके निदेशकों ने कम्पनी अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार कम्पनी सुरक्षा एवं बचाव तथा जालसाजी एवं अन्य अनियमितताओं का पता लगाने के लिए अभिलेख रखने में मुख्य रूप से पर्याप्त सावधानी रखी है ।

(iv) आपके निदेशकों ने 'चालू संस्थान' के आधार पर वार्षिक लेखा तैयार किया है ।

27. आभार प्रदर्शन

आपकी कम्पनी परमाणु ऊर्जा विभाग, परमाणु खनिज गवेषण एवं अनुसंधान निदेशालय, नाभिकीय ईंधन समिश्र, भाभा परमाणु अनुसंधान केन्द्र, झारखण्ड सरकार, आंध्र प्रदेश सरकार, मेघालय सरकार, कर्नाटक सरकार, कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय, लोक उद्यम तथा अन्य मंत्रालयों के विभाग और भारत सरकार के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक, संवैधानिक लेखा परीक्षा, मुख्य वाणिज्यिक लेखा परीक्षा निदेशक एवं पदेन सदस्य, लेखा परीक्षा बोर्ड-iv, नई दिल्ली, बैंकर्स एवं सभी अन्य एजेंसियाँ जो प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से कम्पनी से संबंधित है, द्वारा निरन्तर प्राप्त दिशा-निर्देश एवं सहायता के लिए आभार प्रकट करती है। आपकी कम्पनी सेन्ट्रल इंस्टीच्यूट फॉर माइनिंग एण्ड फ्यूल रिसर्च, धनबाद, नेशनल इंस्टीच्यूट ऑफ रॉक मैकेनिक्स एण्ड ग्राउण्ड कन्ट्रोल, कोलार, इंडियन इंस्टीच्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, खड़गपुर तथा इंडियन स्कूल ऑफ माइन्स, धनबाद से प्राप्त प्रौद्योगिकी उत्कृष्टता की दिशा में वैज्ञानिकी एवं अभियंत्रण सहयोग की भी प्रशंसा करती है। कम्पनी, कर्मचारियों को भी उनके हार्दिक प्रयासों एवं कठिन परिश्रम के लिए भी आभार प्रकट करती है। कम्पनी के कर्मचारी यूनियन एवं अधिकारी यूनियन के द्वारा दिये गये समर्थन के लिए भी कम्पनी आभार प्रकट करती है। आपके कम्पनी यूसिल की इकाईयों के आसपास निवास करने वाले समुदायों स्थानीय मिडिया, एन.जी.ओ. तथा समुदाय के विशिष्ट नागरिकों द्वारा दिये गये समर्थन के लिए भी आभार प्रकट करती है।

कृते एवं निदेशक मण्डल की ओर से

(डी.आचार्य)
अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक

कोलकाता
दिनांक : 18 सितम्बर 2014

स्वदेशीकरण की पहल


एल एच डी के लिए विशेष स्टील से निर्मित पुशर प्लेट बकेट


सिलिण्डर निर्माण सुविधा

हाई प्रेशर हाइड्रॉलिक सिलिण्डर

स्पेशल कास्टिंग हेतु रासायनिक प्रतिबद्ध बालू के लिए निरन्तर मिक्सर


पम्प एवं कोण के लिए स्पेशल कास्टिंग डेवलप्ड

यूसिल ने स्वदेशी उपकरणों एवं कलपुर्जों के माध्यम से अपनी गतिविधियों को एकीकृत करने का प्रयास किया है, जो कि किफायती, लागत प्रभावी तथा गुणात्मक रूप से स्वीकार्य थे। लगभग 35% के कलपुर्जे, विशेषकर आयातित खनन उपकरणों से संबंधित, स्वदेशी थे।

निदेशकों के प्रतिवेदन का अनुलग्नक-I

कम्पनी नियम, 1988 के अन्तर्गत अपेक्षित (निदेशक मण्डल के प्रतिवेदन में दिया गया) विवरण

क) ऊर्जा संरक्षण

अ) ऊर्जा संरक्षण के लिए निम्नलिखित उपाय लागू किये गए/अपनाए गए:

i) पम्प वितरण प्रतिरोध को कम करने के लिए पुराने शॉफ्ट पम्प वितरण लाइन को नए के साथ प्रतिस्थापित किया गया।

ii) खान के जल के उपचार संयंत्र में मोटर का अनुक्रमिक स्वचालन।

iii) तुरामडीह मेन रिसिविंग स्टेशन में डिजिटल एनर्जी मीटर का उपयोग।

iv) खान एवं संयंत्र में व्यापक सौर प्रकाश एवं सौर हीटिंग सुविधा।

v) एल.ई.डी. ट्यूब का उपयोग।

ब) ऊर्जा की खपत को कम करने के लिए अतिरिक्त निवेश के साथ निम्नलिखित प्रस्तावों को लागू किया जाता है-

i) खदानों में अधिक ऊर्जा वाली बिजली की मशीनों के साथ न्यूमेटिक मशीनों का प्रगतिशील प्रतिस्थापन।

ii) डिक्लाइन परिवहन से शॉफ्ट हॉस्टिंग तक क्रमिक परिवर्तन।

स) (अ) एवं (ब) उपायों को अपनाये जाने के बाद सम्बंधित क्षेत्रों में ऊर्जा की खपत में कमी आएगी ।

विदेशी मुद्रा का अर्जन एवं उपयोग

आपकी की कम्पनी निर्यात व्यापार में संलग्न नहीं है तथापि कलपूर्जों एवं पूँजीगत सामानों के क्रय पर वर्ष के दौरान सी.आई.एफ. आधार पर रु.175.07 लाख (गत वर्ष रु.378.52 लाख) रुपये की विदेशी मुद्रा का उपयोग किया गया ।

प्रपत्र-बी

अनुसंधान तथा विकास तथा प्रौद्योगिकी ग्रहण करने के सम्बंध में विवरण प्रपत्र :

अनुसंधान एवं विकास (आर.एण्ड डी.)

विशेष क्षेत्र जहाँ अनुसंधान एवं विकास का कार्य किया गया

क) सिंहभूम अपरूपण क्षेत्र, झारखण्ड में यूरेनियम लोड के लिए गैर प्रविष्टि प्रकार के स्टॉपिंग विधि का विकास।

ख) यूरेनियम पैरॉक्साइड के अधिकतम अवक्षेपण के फलस्वरूप अधिक सौम्य प्रवाह के लिए एजीटेटर प्रोफाइल की पुनर्संरचना।

ग) तुम्मलापल्ली खान में हैंगवॉल लोड के रॉक मैकेनिक प्रोपर्टीज का निर्धारण।

उपर्युक्त आर.एण्ड डी. कार्यों के फलस्वरूप हुए लाभ

क) प्रस्तावित स्टॉपिंग पद्धति का सफलतम कार्यान्वयन निम्नलिखित में सहायता करेगा-

i) उच्चतम उत्पादकता

ii) प्रचालन में उन्नत सुरक्षा

ख) यूरेनियम पैरॉक्साइड अवक्षेपण के लिए एजीटेटर प्रोफाइल एवं मानकों का विकास निम्नलिखित में सहायता करेगा-

i) एम.डी.यू. के स्थान पर यूरेनियम पैरॉक्साइड (एक पर्यावरणीय सौम्य उत्पाद) का उत्पादन आरम्भ करने हेतु सक्रियता

ii) हाइड्रोजन पैरॉक्साइड का इष्टतम उपयोग

iii) राल के नुकसान में कमी

ग) तुम्मलापल्ली खान में हैंगवॉल लोड के रॉक मैकेनिक प्रोपर्टीज का निर्धारण निम्नलिखत में सहायता करेगा-

i) तुम्मलापल्ली में माइनिंग हैंगवॉल लोड के लिए उन्नत रूफ कॉन्ट्रोल प्रणाली तथा सपोर्ट सिस्टम की अभिकल्पना

ii) तुम्मलापल्ली खान के हैंगवॉल लोड में विशाल यूरेनियम रिजर्व को बन्द करना।

भविष्य की रूपरेखा

क) पम्पिंग की अनुकूलता के लिए प्रसंस्करण संयंत्र में विभिन्न स्लरी की चिपचिपाहट का अध्ययन।

ख) कॉपर टेलिंग्स में यूरेनियम प्रतिप्राप्ति पद्धति का अध्ययन।

4. अनुसंधान एवं विकास पर खर्च

(क) पूँजी	रु. 30.18 लाख
(ख) राजस्व	रु. 425.92 लाख
कुल	रु. 456.10 लाख

5. प्रौद्योगिकी समावेश, अनुकूलन एवं नवीनीकरण

सिंहभूम अपरूपण क्षेत्र में विशिष्ट संशोधन के साथ गैर प्रविष्टि प्रकार के स्टॉपिंग पद्धति का प्रयोग, प्राद्योगिकी का एक अभिनव कदम है। उच्च उत्पादकता एवं संचालन में उन्नत सुरक्षा को प्राप्त करने के लिए पद्धति एवं मापदंड बनाई गई है।

यूरेनियम पैरॉक्साइड अवक्षेपण के सफल क्रियान्वयन की दिशा में एजीटेटर प्रोफाइल की अभिकल्पना, कम्पनी के लिए पर्यावरणीय अनुकूल उत्पाद के रूप में परिवर्तन तथा इसके मानकीकरण की दिशा में एक कदम है।

